प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- रांची के रातू रोड में बना एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण कार्यक्रम टला, अब तीन जुलाई को केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे जनता को समर्पित।
- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को सूचना आयुक्तों और अन्य संवैधानिक पदों पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने दिया निर्देश, भाजपा और झामुमो में बयानबाजी तेज।
- रांची विश्वविद्यालय में अब बीपीएड, एमपीएड, बीपीइएस और चार वर्षीय फिजियोथेरेपी जैसे पेशेवर कोर्स की होगी पढ़ाई, विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल ने दी मंजूरी।
- दक्षिण–पश्चिम मानसून ने झारखंड में दी दस्तक, रांची समेत कई जिलों में शुरु हुई बारिश, 20 जून तक आंधी–पानी और वज्रपात की चेतावनी।
- 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का चयन, रांची की सात खिलाड़ी शामिल, कल से बिहार के नवादा में होंगे मुकाबले।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी–7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मिलेंगे और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे।

*******************

रांची के रातू रोड में बना एलिवेटेड कॉरिडोर अब 3 जुलाई  को जनता को समर्पित किया जाएगा। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की व्यस्तता के कारण इसके लोकार्पण की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पहले इस एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण 19 जून को प्रस्तावित था।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लोकायुक्तों, सूचना आयुक्तों और अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अगस्त तक पूरी करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति हो गई है। इसके बाद कुछ पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी संवैधानिक पदों पर नियुक्ति कर ली जाएगी।

*******************

इस बीच संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही देरी पर झामुमो और भाजपा के बीच बयानबाजी शुरु हो गयी है। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि सरकार इन पदों को भरने को लेकर गंभीर है। इधर, भाजपा ने संवैधानिक पदों के खाली रहने पर राज्य सरकार पर तंज कसा है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने आरोप लगाया है कि इन पदों को लेकर सरकार की तरह से डील चल रही है।

*******************

रांची के बेड़ो महादानी मैदान विवाद को लेकर रांची पुलिस  ने पूर्व मंत्री देव कुमार धान को हिरासत में ले लिया है। श्री धान के आज दिल्ली से लौटते ही रांची रेलवे स्टेशन पर हिरासत में लिया गया। इस भूमि पर आज कुछ धार्मिक  संगठनों ने घेराबंदी करने की घोषणा की है। इसे देखते हुए रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने महादानी मैदान के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

*******************

सिमडेगा जिले में संचालित 967 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 550 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

*******************

रांची विश्वविद्यालय में अब बीपीएड, एमपीएड, बीपीइएस और चार वर्षीय फिजियोथेरेपी जैसे पेशेवर कोर्स की पढ़ाई होगी। इन पाठ्यकर्मों के संचालन के लिए परिनियम और पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। कुलपति डा. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित काउंसिल की बैठक में कुल 12 एजेंडों पर मुहर लगी।

*******************

पाकुड़ अंचल के अंचल निरीक्षक शिवाशिष कुमार के घर दर्जनों की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने बीती रात डकैती की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने अंचल निरीक्षक के परिजनों को हथियार का भय दिखाकर घर में रखे जेवरात सहित नगद राशि लूट ली। जिस वक्त अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया अंचल निरीक्षक घर पर नहीं थे।मामले की जानकारी मिलते ही नगर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने भी घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस अधीक्षक ने दावा किया कि मामले का उद्‌भेदन शीघ्र कर लिया जाएगा।

*******************

आज एशियाई बाजारों में कमजोरी के कारण भारतीय शेयर बाजार सूचकांक में गिरावट देखी गई। शुरुआती कारोबार में ऑटो, आईटी और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 186 अंक की गिरावट के साथ 81 हजार 610 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 68 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 878 पर कारोबार कर रहा था।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार पांच सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

आज दुनिया भर में विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा रोकथाम दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन सभी को यह याद दिलाने का अनूठा अवसर है कि भूमि क्षरण को रोका जा सकता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम सभा सचिवालय की अगुवाई में मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है – भूमि क्षरण रोकें, अवसरों को लाभ उठाएं। भारत में इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज जोधपुर स्थित शुष्क वन अनुसंधान संस्थान में ष्मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम रणनीतिष पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्‌घाटन करेंगे।

*******************

राज्य में मानसून ने दस्तक दे दी है। इसके साथ ही रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश शुरु हो गयी है। मौसम विभाग ने 20 जून तक बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 18 और 19 जून को राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश का हो सकती है।

*******************

47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का चयन कर लिया गया। टीम में रांची की सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिता बिहार के नवादा में कल से 22 जून तक आयोजित की जायेगी।

********समाप्त**********